वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

(उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अधिनियम 415/2005 द्वारा स्थापित पूर्ववर्ती उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय)

Veer Madho Singh Bhandari Uttarakhand Technical University

(Formerly Uttarakhand Technical University Established by Act no 415/2005 by Uttarakhand Government)

Chakrata Road, P O Chandanwadi, Premnagar, Suddhowala, Dehradun, Uttarakhand(India)

Tel.No.0135-2774067 Website: www.uktech.ac.in

पत्रांक: 2929 /वी0मा0सिं0भ0/उ0प्रो0वि0वि0/2023 दिनांक 04/11/2023

सेवा में,

निदेशक,
समस्त सम्बद्ध एवं परिसर संस्थान
वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून,

विषयः— सत्र 2022—23 के प्रथम वर्ष के Not Promoted छात्रों की परीक्षाओं के सम्बन्ध में।

महोदय,

विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2022—23 से प्रभावी किये गये क्रेडिट आधारित नये ऑर्डिनेंस में कतिपय छात्रो के न्यूनतम क्रेडिट पूर्ण न होने की दशा में Not Promoted श्रेणी में रखते हुये परीक्षाफल घोषित किया गया है। ऐसे छात्रों को अपने न्यूनतम क्रेडिट पूर्ण करने हेतु Re-Admission /Ex-Student /Carry Over व्यवस्था के अर्न्तगत सेमेस्टर परीक्षाओं में न्यूनतम क्रेडिट प्राप्त करने का विकल्प उपलब्ध है।

इन तीनों विकल्पों में Re-Admission लेने वाले छात्रों को दोनो सेमेस्टर में संस्था में पंजीकरण एवं नियमित अध्ययन करते हुये नियमित अध्ययनरत विकल्प उपलब्ध है एवं इस श्रेणी के छात्रों के सैत्रिक अंक एवं परीक्षा अंक दोनो नये सिरे से शिक्षण शुल्क तथा पंजीकरण शुल्क जमा करने के पश्चात नियमानुसार दिये जायेगें।

दूसरी श्रेणी जो कि Ex -Student की है में छात्रों को सेमेस्टर परीक्षा शुल्क देते हुये दोनो सेमेस्टर के सभी विषयों की थ्योरी व प्रयोगिक परीक्षाएं दिया जाना होगा तथा नयी परीक्षाओं में प्राप्त समस्त अंक पुराने अंको पर प्रतिस्थापित कर दिये जायेगें। ऐसे छात्रों के सैत्रिक अंक यथावत ही रहेंगें।

तीसरी श्रेणी में Carry Over धारी छात्रों को सिर्फ फेल विषयों की परीक्षा सम्बन्धित सेमेस्टर में विषयवार परीक्षा शुल्क देते हुये दी जानी होगी एवं इस प्रकार प्राप्त नये Carry Over परीक्षाओं के अंको को फेल विषय के पुराने अंको पर प्रतिस्थापित कर दिया जायेगा।

कृपया उक्त से अवगत होते हुये अपने संस्थान के छात्रों को आवश्यक रूप से अवगत कराने का कष्ट करें तथा तदनुसार परीक्षा फार्म निर्धारित तिथियों में भरना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(डॉ0 वी0के0 पटेल)
प्रभारी कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :—

1—निजी सचिव, कुलपति, वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून को मा0 कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
2—वित्त नियंत्रक, वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून, को सूचनार्थ।
3—परीक्षा नियंत्रक, वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून, को सूचनार्थ।
4—वेब मास्टर, को आशय के साथ कि सभी संस्थाओं और सम्बन्धितों को ई0मेल0 के माध्यम से सूचना प्रेषित करना सुनिश्चित करें एवं वेबसाइट पर अपलोड करें।
5—गार्ड फाइल।

(डॉ0 वी0के0 पटेल)
प्रभारी कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक